दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-71
मुरादाबाद
01 July 2024
(Monday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

Mann Ki Baat: '2024 इलेक्शन, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव', मोदी 3.0 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में पेरिस ओलंपिक से लेकर योग दिवस तक

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के 111वें संस्करण में कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने वोट डाला। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रकिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। अपने तीसरे कार्यकाल की पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने संविधान में अपने अटूट विश्वास को दोहराया तो आम चुनाव, आदिवासी कल्याण, पर्यावरण आदि पर बात की। यह कार्यक्रम हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित किया जाता है। इससे पहले मन की बात आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था, जिसके बाद लोकसभा चुनावों की वजह से इसे रोकना पड़ा था।प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 2024 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने वोट डाला। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रकिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में आदिवासी भाई-बहनों को हूल दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन वीरों सिद्धो-कान्हू के अदम्य साहस को याद करने का दिन है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का विरोध किया। झारखंड के संथाल परगना में हजारों संथाली साथियों को इकट्ठा करके सिद्धो कान्हू ने अंग्रेजों का मुकाबला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1857 के पहले स्वतंत्रता संग्राम से दो साल पहले यानी कि 1855 में ही सिद्धो कान्हू ने क्रांति का बिगुल फूंक दिया था। एक पेड़ मां के नाम- प्रधानमंत्री ने कहा हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता।

हम माँ को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन और कुछ कर सकते हैं क्या ? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है- एक पेड़ माँ के नाम। मैंने भी एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाया है। कुवैत रेडियो पर हिंदी में कार्यक्रम- पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने नेशनल रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम हिंदी में शुरू किया है। कुवैत रेडियो पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। साथ ही पीएम मोदी ने तुर्कमेनिस्तान में गुरुदेव रवींद्रनाथ की प्रतिमा के अनावरण और जून के महीने में सूरीनाम, सेंट विंसेंट ने भारतीय विरासत के जश्न का भी उल्लेख किया। भारतीय उत्पादों की बढ़ रही मांग- पीएम मोदी ने दुनियाभर में भारतीय उत्पादों की बढ़ रही मांग पर भी खुशी जताई और कहा कि जब भारत के स्थानीय उत्पाद वैश्विक स्तर पर पहचान बनाते हैं तो उससे गर्व होता है।

पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश की अराकु कॉफी का जिक्र किया, जो अपने फ्लेवर और खुशबू के लिए जानी जाती है। पीएम मोदी ने बताया कि जम्मू कश्मीर के स्नो पीस की पहली खेप लंदन भेजी गई। साथ ही पीएम मोदी योग दिवस को भी याद किया और कहा कि पूरी दुनिया में 10वां योग दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कश्मीर में बहनों-बेटियों ने भी बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। संस्कृत बुलेटिन के 50 साल- प्रधानमंत्री ने बताया कि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन 30 जून को 50 साल पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बुलेटिन ने कितने ही लोगों को आज भी संस्कृत से जोड़े रखा है। पीएम मोदी ने बंगलूरू के कब्बन पार्क का भी जिक्र किया, जहां हर रविवार को लोग सिर्फ संस्कृत में बात करते हैं और संस्कृत में ही वाद-विवाद प्रतियोगिता भी होती है। इस कब्बन पार्क की शुरुआत करने के लिए पीएम मोदी ने समष्टि गुब्बी को बधाई दी और उनकी तारीफ की।पेरिस ओलंपिक पर भी बात की-पीएम मोदी ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे

मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे 7 मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं 7 हम सबके मन में टोक्यो ओलंपिक की यादें अब भी ताजा हैं 7 उन्होंने कहा कि टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था।उसके बाद से ही हमारे एथलीट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जी-जान से जुटे हुए थे। सभी खिलाड़ियों को मिला दें, तो इन सबने करीब 900 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। शूटिंग में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुषऔर महिला दोनों टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी शूटर बेटियां भी शामिल हैं। इस बार कुश्ती और घुड़सवारी में हमारे दल के खिलाड़ी उन श्रेणी में भी भाग लेंगे, जिनमें पहले वे कभी शामिल नहीं रहे।पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है और वो भी हिंदी में। कुवैत रेडियो पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहां भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहां तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहां के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने ये शानदार पहल की है।

संक्षिप्त समाचार

विश्व विजेता बनने पर जापान के राजदूत ने टीम इंडिया को दी बधाई, कहा- 17 साल का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ

भारत में जापान के राजदूत ने भारतीय टीम को टी20 विश्वकप जीतने पर बधाई दी है। भारत में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी ने भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप जीतने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 17 साल का इंतजार खत्म हुआ, टीम इंडिया की जीत पर खुश हूं।शनिवार को हुए टी-20 विश्वकप में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें भारत ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन रोहित शर्मा, ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों का विकेट गिरने के बाद से मैच धीमा पड़ गया, लेकिन विराट कोहली, अक्षर पटेल ने जबरदस्त पारी खेली। विराट कोहली ने जहां 76 रन बटोरे वहीं अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के समेत 47 रन बनाए। दोनों की साझेदारी में भारत ने 72 रन बनाए। वहीं शिवम दुबे ने 16 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के समेत 27 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 176 रन का लक्ष्य दक्षिण अफ्रीका के सामने खड़ा कर दिया था।वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम के शुरूआती ओवर में ही दो विकेट चटकाकर भारतीय टीम ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। हालांकि क्विंटन डि कॉक और ट्रिस्टन स्टब्स की 58 रनों की साझेदारी ने उन्हें फिर मुकाबले में ला दिया था। वहीं हेनरिक क्लासेन के 27 गेंदों पर 52 रनों ने भारतीय खिलाड़ियों को थोड़ा परेशान किया। विकेट चटकाकर 169 रनों पर ही रोक दिया।

कांग्रेस, उद्धव की शिवसेना और NCPSP मिलकर लड़ेंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, शरद पवार का दावा

शरद पवार ने कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करना महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे।शरद चंद्र पवार वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपीएसपी) के प्रमुख ने साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगी। बता दें, चुनाव इस साल अक्तूबर में होने वाले हैं। शरद पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करना महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे।महा विकास अघाड़ी का हिस्सा ये दल- कांग्रेस, शरद चंद्र पवार वाली एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाड़ी का हिस्सा हैं। ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने से पहले नवंबर 2019 से जून 2022 तक महा विकास अघाड़ी राज्य में सत्ता में था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों के सामने विपक्ष एकजुट होकर रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसका निर्वहन करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। शरद पवार ने महाभारत का किया जिक्र- उन्होंने कहा कि जैसे महाभारत में अर्जुन का निशाना मछली की आंख थी, हमारी नजरें महाराष्ट्र चुनाव पर टिकी हैं। कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे को लेकर फिलहाल कोई बात शुरू नहीं हुई है। हालांकि, जल्द ही इस पर चर्चा होगी। दलों के हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी- उन्होंने कहा कि लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस पर विश्वास दिखाया है। शरद पवार ने आगे कहा, %लेकिन इन तीन पार्टियों की तरह वाम पार्टियां, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) भी गठबंधन का हिस्सा थीं, लेकिन हम उन्हें लोकसभा में सीट नहीं दे सके। इन दलों के हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए उनके साथ (राज्य विधानसभा चुनाव में) आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा।%राज्य के बजट पर कही ये बात- एकनाथ शिंदे सरकार द्वारा शुक्रवार को पेश किए गए राज्य के बजट के बारे में पूछे जाने पर एनसीपी (एसपी) प्रमुख ने कहा, %अगर आप बाजार में खाली जेब लेकर जाते हैं तो क्या होगा? कुछ दिनों की बात है, वास्तविकता जल्द ही देखने को मिलेगी।% महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य विधानसभा चुनाव से चार महीने पहले शुक्रवार को पेश किए गए बजट में 21 से 60 आयु वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये का मासिक भत्ता, परिवारों के लिए साल में तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसान हितैषी कदम और कौशल प्रशिक्षण के लिए युवाओं को प्रति माह 10,000 रुपये का भत्ता दिया गया।

सीएम का जनता दर्शन: जमीन पर कब्जे की शिकायत सुन बिफरे योगी, बोले- यह बर्दाश्त नहीं, डीएम को दिए निर्देश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। जमीन कब्जे पर आने वाली शिकायतों पर सीएम ने सख्त नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर %जनता दर्शन% किया। इस दौरान आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी फरियादियों के पास स्वयं पहुंचे और समस्याएं सुनीं। रविवार को सर्वाधिक शिकायत शाहजहांपुर से पहुंची। इसमें से अधिकांश शिकायतें जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी थीं। जिस पर सीएम काफी नाराज हुए। सीएम ने जल्द से जल्द कार्रवाई के दिए निर्देश - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दर्शन में हर पीड़ित के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। यहां शाहजहांपुर जनपद से कई फरियादी आए थे। जिले से जमीन कब्जे और जमीन पैमाइश की काफी शिकायतें थीं। फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी सीएम से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। ऐसे ही मामले आगरा-कानपुर से भी आए। सीएम ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है।

जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। धन के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज - वहीं धनाभाव के कारण इलाज में आ रही समस्या को लेकर भी एक महिला पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड है, लेकिन इलाज में इससे अधिक पैसे की आवश्यकता है, जिस पर सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन के अभाव में इलाज कतई नहीं रुकेगा। तत्काल ही सीएम आवास से केजीएमयू वीसी और सीएमएस को इस संदर्भ में सूचित कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं उन्नाव में तैनात सहायक अध्यापिका भी पहुंची, जिन्होंने बताया कि बच्चा काफी अस्वस्थ है और उसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। पति भी बाहर रहते हैं। वे लखनऊ स्थानांतरण चाहती हैं। इस पर सीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कानून से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायत जनपद स्तर पर हर हाल में सुनी जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में सीएम ने कहा कि पीड़ितों की सुनवाई सुनिश्चित हो। कानून से खिलवाड़ करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संपादकीय Editorial

Condemnation on the day of courtesy

Today was a day of mutual respect and courtesy. Many beautiful pictures were seen inside the Lok Sabha. Prime Minister Modi and Leader of Opposition Rahul Gandhi were walking together in the same frame. Both shook hands and smiled warmly. Earlier, the Prime Minister called the Leader of Opposition forward with a gesture so that he could congratulate the elected Speaker of the 18th Lok Sabha. Both the Prime Minister and the Leader of Opposition took the Speaker to his seat. They shook hands and greeted him. Speaker Om Birla sat on the seat and then bowed to the House. This may be an established tradition within the Parliament. If traditions are remembered, then why was the Speaker not elected unanimously? Om Birla was elected Speaker by voice vote, but there were no less voices saying 'no'. Of course, the majority was in favor of the government. This is also a parliamentary rule. Bills and amendments are also passed by voice vote. In history, the Speaker has been elected by division of votes as well as by consensus. Actually, the Speaker is of the House. He is also the protector and guardian of the House. He has been given the status of a judge. He does not belong to any party or side, even if he has won the election on the symbol of any party and has come to Parliament. Neutrality, justice, impartiality have been expected from the Speaker, so most of the MPs congratulated and wished the new Speaker, but also hoped that the voice of the opposition will not be suppressed. The voice of the opposition is also the voice of the country and the people, so cruel decisions like suspension or expulsion should not be repeated. This was also the sentiment of the first speech of the Leader of Opposition Rahul Gandhi. However, the surprise came when Speaker Om Birla moved a censure motion on the Emergency of 1975 and observed two minutes of silence in memory of those who died then. The opposition did not observe silence and neither was the censure motion duly passed. The Speaker condemned the then decision and called it a blow to the Constitution. The decisions during the Emergency were oppressive and dictatorial. Those details were also given, which have often been given. We had analyzed the Emergency in yesterday's editorial. However, the day and the atmosphere which seemed to be one of respect and courtesy, suddenly got drowned in the opposition slogans. The speaker was reading his speech on the emergency and a section of the opposition was raising slogans – stop the attack on democracy, stop dictatorship, give justice to Manipur. The modern leaders of the parties that suffered during the emergency were sitting quietly during this time, although they are strong components of the opposition alliance 'India'. We believe that the speaker should not have given a statement on one aspect of a 'dark chapter' like the emergency. With this topic, 'politicization of the speaker' happened. This issue could have been raised by Prime Minister Modi or any of his supporting ministers or BJP MPs. The Prime Minister has been condemning the emergency in his speeches. The BJP has been holding aggressive demonstrations across the country every year against this 'dark, barbaric day'. Why was the speaker asked to give this statement? This is clearly the political, ideological agenda of the BJP, but the speaker is above and different from any political ideology. This House can also be considered historic because Speaker Om Birla has been re-elected after completing a 5-year term on this post. It is believed that he will complete this 5-year term as well. In this way, after Balram Jakhar, he is the second speaker who has created this history.

It is important to know: How did the demons get the golden Lanka? Know the whole story from the pages of culture

Vishwakarma said, there is a mountain named Trikuta at a distance of about one hundred yojanas from the coast of the southern sea. On that peak, I had built a golden city for Devraj Indra. If you want, you can live there. At the time of creation of the universe, Brahma created aquatic creatures and told them, 'Water is the most useful element of the universe. Its worship and protection, both are necessary. The creatures who protect it will be called 'Raksha' and the creatures who worship water will be called 'Yaksha'.' In this way, Raksha (demons) and Yaksha castes came into existence. In the demon caste, there were two brothers named Heti and Praheti. After some time Praheti took sanyaas, then the responsibility of leading the demons fell on Heti. Heti married Bhaya, the sister of Kaal. They had a son - Vidyutkesh. He married Salkatankata, the daughter of Sandhya. Salkatankata was of a lustful nature and was always engrossed in sexual intercourse with her husband. When Salkatankata became pregnant, she started worrying about how she would love Vidyutkesh after having a child. A few days later, Salkatankata gave birth to a son, seeing whom Vidyutkesh was happy, but Salkatankata started feeling that her own son was an obstacle in their lovemaking. Finally, one day she said in irritation, 'I cannot take care of him... I am abandoning him.' Vidyutkesh tried to convince his wife a lot, but she did not agree. Finally, on the advice of Salkatankata, Vidyutkesh left his newborn son to die on a mountain peak. The child kept crying due to hunger and thirst. Coincidentally, Shiva and Parvati were going somewhere. When they heard the baby crying, they immediately reached him. Seeing the child in such a pitiable condition, Mother Parvati's heart melted. 'Lord, who is this child?' Parvati asked Mahadev. Shiva told Parvati about the child and his parents. Parvati cursed the demon race in anger: 'My curse is that babies born in the demon clan will immediately become adults!' Shiva-Parvati took upon themselves the responsibility of raising the child. Seeing his beautiful hair, Parvati named him 'Sukesh'. Sukesh became very strong and knowledgeable under the tutelage of Mahadev and Parvati. One day Parvati and Shiva called Sukesh and said, 'Son, under the weak leadership of your father Vidyutkesh, the prestige of the demons has diminished. You have grown up now. So lead the demons and restore the glory of the clan.' Sukesh immediately started organizing the demons. Under his leadership, the demons again became resourceful and powerful and their lost prestige was restored. Then Sukesh married a Gandharva girl named Devavati. Devavati gave birth to three powerful sons - Malyavan, Sumali and Mali. All three were very strong. All three brothers became extremely powerful by performing severe penance and acquiring powers from Brahma. They even gained control over the gods. One day, all three brothers said to Devshilpi Vishwakarma, 'We want to build a grand city for demons, which is at a place where no enemy can reach.' Vishwakarma thought and said, 'There is a mountain named Trikuta at a distance of one hundred yojanas from the coast of the southern sea. It is so high that even birds cannot reach there by flying. That place is formidable. I had built a wonderful and huge golden city for Devraj Indra on that peak. But Indra did not like it. Therefore, that golden city is lying deserted. If you want, you can live there.' 'What is the name of that city?' Malyavan asked. 'Lanka!' Vishwakarma replied. In this way, Lanka, which was built for Indra, became the property of demons.

Lohia on caste discrimination, his thoughts and words have amazing contemporaneity

Lohia understood very well that 'caste' is an important factor in Indian society. Those who do not believe in it theoretically, accept it practically. Talking about the last decades of British rule, socialist and communist leaders in India were active in anti-colonial politics. After that, in the decades before independence, both these groups remained an important challenge for the Congress Party. Apart from courage and ideals, the early generations of socialists and communists had many other qualities. Still, they lacked one thing - lack of awareness about caste discrimination in Indian society. But in this case, socialist thinker and politician Ram Manohar Lohia was an exception. What Lohia wrote on caste discrimination was collected by his admirers and published in the form of a book from Hyderabad during his lifetime. Although that book is not in print for a long time, an independent publisher did bring out its revised edition. Coincidentally, that publishing house was also located in Hyderabad. Lohia wrote about his leftist comrades that they think sincerely but wrongly. They believe that caste inequality will automatically disappear as a result of the elimination of economic inequality. They had to eliminate the demon of economic and caste inequality, but they failed to understand this. Lohia understood well that 'caste' is an important factor in Indian society. Those who do not accept it in theory, accept it in practice. He wrote that in India 'many rituals like birth, death, marriage, feasts' are conducted according to the caste structure. This system was implemented to ensure that "the people of the upper castes maintain their rule both politically and economically. They could not run this system alone on the strength of the gun, so they had to instill a sense of inferiority in those whom they wanted to rule and exploit." However, Lohia does not condone discrimination against Dalits. His focus was on the upper castes, which formed the political, administrative, professional, business and intellectual elites, and on the lower castes, who were largely underrepresented in power and higher positions. In 1958, he wrote that the upper castes constituted less than a fifth of India's population. Yet they easily find their way into national activities, business, the military, the civil service or political parties. This imbalance had to be corrected for the nation to progress. Lohia wanted his comrades to fight to bring the lower sections of society, such as women, backward classes, Harijans, Muslims and Adivasis, to the forefront, even if their qualifications were necessarily less. He believed that what happened over centuries of history must now be undoing it. Lohia expected socialists to promote inter-caste marriages, especially between different varnas. He writes, "If the bondage of caste is broken or relaxed a little, many young men of upper castes will be attracted to women of backward castes and will bring happiness to themselves as well as to the country. In the same way, boys of backward castes will be able to enter the lives of women of upper castes." In 1960, Lohia had talked about the formation of an association to study caste and understand backwardness. He gave eight main objectives of this association, of which I will tell you about two. The first is that religion as well as its practices should be freed from caste defects, with the belief that inter-caste marriages can end castes. The second is that a demand should be made to reserve 60 percent of the posts in government posts, political parties, business and armed services for backward castes, women, Harijans and tribals as a matter of law or tradition. An interesting part of the book reproduces a series of letters exchanged between Dr Lohia and his colleagues on the one hand and Dr Bhimrao Ambedkar on the other in 1955-56. An attempt was made here to bring the two leaders and their followers closer to each other, perhaps with the objective of their parties fighting the 1957 general elections on a common platform. When the correspondence between Lohia and Ambedkar began, Lohia told Ambedkar, "I want sympathy to be joined with anger and you should become the leader not only of the backward classes but of the Indian people as well." Ambedkar replied to Lohia's letter, "Come and meet me in Delhi on October 2." This was Gandhi's birthday and perhaps a mere coincidence. Unfortunately, Lohia's nomadic life and Ambedkar's ill health prevented the two revolutionary reformers from meeting in person to discuss possible collaboration. Ambedkar died on 6 December 1956. Lohia wrote to his fellow socialist Madhu Limaye, "Ambedkar was a great man of Indian politics. Along with Gandhi, he was the greatest Hindu. This fact has always given me strength and faith that the caste system can one day be abolished from Hinduism." He further wrote, "Dr. Ambedkar was a learned, honest, courageous and independent man. He could be seen as a symbol of honest India to the outside world. But he was a little strict. He Refused to become the leader of non-Harijans." Lohia thought that the true tribute to Ambedkar would be to let him remain Dr. Ambedkar. Lohia's deep awareness of caste discrimination sets him apart from other socialists of his time and the same applies to his 'feminism'. He writes, "If the Indian people are the most unhappy on earth, then caste discrimination and attitude towards women are mainly responsible for this degradation." Lohia writes, "In a patriarchal society it happens that the place of the woman is in the kitchen. In such a case, the socialists should protest and say that in such a case the place of the man should be in the nursery. For sixty years it has been argued that the husband and the father should participate equally in the upbringing of the children. This may be an ideal situation, but it is nowhere to be seen in practice." The articles, letters and speeches quoted in this column were written between 1953 and 1961. It may be that Brahminism does not dominate politics and administration as much as it did in the 1950s. Still, they exert an influence in culture and economic life far beyond the proportion of their share in the population. Therefore, in many cases, Lohia's thoughts and words on caste have a remarkable contemporaneity.Refused to become the leader of non-Harijans." Lohia thought that the true tribute to Ambedkar would be to let him remain Dr. Ambedkar. Lohia's deep awareness of caste discrimination sets him apart from other socialists of his time and the same applies to his 'feminism'. He writes, "If the Indian people are the most unhappy on earth, then caste discrimination and attitude towards women are mainly responsible for this degradation." Lohia writes, "In a patriarchal society it happens that the place of the woman is in the kitchen. In such a case, the socialists should protest and say that in such a case the place of the man should be in the nursery. For sixty years it has been argued that the husband and the father should participate equally in the upbringing of the children. This may be an ideal situation, but it is nowhere to be seen in practice." The articles, letters and speeches quoted in this column were written between 1953 and 1961.

अपहरण-गोलीकांड केस : पुलिस मुठभेड़ दो आरोपी गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली...चार आरोपी अभी भी फरार

मुरादाबाद- मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बीते बुधवार देर रात महिला को अगवा करने की कोशिश के विरोध पर मां-बाप और भाई को गोली मारने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें से एक के पैर में गोली लगी है। वहीं एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। दोनों जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस की पांच की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। चार आरोपी अभी भी फरार हैं। वहीं अमृत विचार ने एक दिन पहले आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की थी।इससे पहले कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलवा दिया था। आरोपियों ने ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कराया था। शुक्रवार को एसएसपी सतपाल अंतिल ने लापरवाही बरतने पर मूंढापांडे के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार, तत्कालीन थाना प्रभारी दीपक

मलिक, बहजोई थाने के प्रभारी सतेंद्र पंवार और दरोगा दिनेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव समधी शिवपुरी गांव में बीते बुधवार की देर रात एक युवती को अगवा करने गए 6 बदमाशों ने परिजनों के विरोध करने पर तीन लोगों को गोली मार दी थी, जिसके बाद से पुलिस इन बदमाशों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस क्षेत्र में देर रात गश्त कर रही थी। पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाशों मुदस्सिर और भूरा को पकड़ा है। दोनों ने युवती को अगवा करने वाली घटना में शामिल होना कबूल किया है। इनके पास से दो तमंचे बरामद किए है। घटना का मुख्य अभियुक्त मुस्लिम और उनके बाकी साथी अभी फरार चल रहे हैं।

पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में आरोपी

मुरादाबाद- मूंढापांडे के एक गांव में महिला के अपहरण और गोलीकांड मामले की जांच डीआईजी ने रामपुर के पुलिस अधीक्षक को सौंपी है। उनके साथ टीम में सीओ हाईवे को भी शामिल किया है। जांच एजेंसियों के साथ पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। जबकि, आरोपी पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में हैं। दूसरी तरफ पुलिस सूत्रों का दावा है कि पुलिस टीमें आरोपियों के करीब पहुंच चुकी हैं। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी हो सकती है।डीआईजी मुनिराज जी ने बताया है कि, पूरे प्रकरण की जांच रामपुर के एसपी विद्या सागर मिश्र को सौंपी गई है। वहीं सीओ हाईवे भी उनके साथ जांच में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि, जांच के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं। जो सभी तलाश में जुटी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस की टीमें सभी आरोपियों के करीब पहुंच चुकी हैं। सोमवार या मंगलवार तक सभी आरोपियों को गिरफ्तारी का दावा किया है। जबकि, आरोपी भी पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में हैं। बता दें, बुधवार आधी रात महिला के अपहरण की नाकाम कोशिश के बाद आरोपियों ने परिवार पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया था। घटना में मां-बाप व भाई घायल हुए थे। डीआईजी ने लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। आरोपियों पर 25 हजार का इनाम घोषित है। प्रशासन ने शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान आरोपियों के घरों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया। अभी तक सभी आरोपी फरार हैं।

12 साल के बच्चे को अगवा कर ले गया घर, दुष्कर्म के बाद गला दबाकर मार डाला, सीसीटीवी से पकड़ा आरोपी

मुरादाबाद- मुरादाबाद में 12 साल के मासूम की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी मासूल को अकेला देख अपने साथ ले गया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद उसकी पहचान हो पाई थी। मझोला थाना क्षेत्र से दो दिन पहले अगवा 12 साल के मासूम की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बिलारी के स्योंडारा से बच्चे का शव बरामद कर लिया है। मृतक बालक का परिवार मूलरूप से बदायूं के इस्लाम नगर क्षेत्र निवासी है।उसके पिता चौकीदारी करते हैं। बालक बृहस्पतिवार शाम करीब चार बजे से लापता हो गया था। बच्चा मानसिक रूप से कमजोर था। पिता ने मझोला थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस और परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। इस दौरान कैमरों की फुटेज से पुलिस को पता चला कि लाल रंग की स्कूटी पर वह एक युवक के पीछे बैठा जाता दिखाई दिया।पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से उसकी पहचान की तो पता चला कि स्कूटी चलाने वाला युवक शरद उर्फ अमन (22) दिल्ली रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे रहता है। आरोपी यहां एक फर्म में काम करता है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह बच्चे को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। बच्चे को स्कूटी से वह बिलारी के स्योंडारा अपने घर ले गया था। जहां उसने बच्चे के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसकी लाश अपने ही घर में बंद कर वहां से भाग आया था। शनिवार की रात मझोला थाने की पुलिस आरोपी की निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। 25 साल पहले गांव छोड़ आया था आरोपी का परिवार- आरोपी शरद उर्फ अमन का परिवार 25 साल पहले पैतृक गांव स्योंडारा छोड़कर मुरादाबाद आकर बस गया था। आरोपी का गांव में केवल एक मकान है। वह भी खंडहर नुमा हो चुका है। आरोपी शरद बच्चे को स्कूटी पर बैठाकर स्योंडारा ले गया था। वहां आरोपी ने बच्चे के साथ दुष्कर्म किया। गला घोंटकर हत्या करने के बाद उसकी लाश मकान में छोड़ दी और बाहर से ताला लगाकर भाग निकला था। पीड़ित परिवार बदायूं निवासी- मृतक बच्चे के पिता 12 साल पहले बदायूं से मुरादाबाद में आकर मझोला क्षेत्र में रहने लगे। वह फर्म में चौकीदारी करते हैं। उनका बेटा मानसिक रूप से कमजोर था। वह अक्सर घर से बाहर निकल जाता था। इसके बाद वह किसी के भी साथ चला जाता था। आरोपी ने इसी का फायदा उठाया और उसे स्कूटी पर बैठा कर ले गया था। फुटेज से मिली मदद- मझोला थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि बच्चे की गुमशुदगी दर्ज करने के बाद आस पड़ोस के कैमरों की फुटेज खंगाली थी। जिसमें एक कैमरे की फुटेज से आरोपी के बारे में जानकारी मिल गई थी।

जीत से मोहम्मद शमी उत्साहित, कहा- हम विश्व चैंपियन... अविस्मरणीय यात्रा

मुरादाबाद- टी-20 विश्वकप में भारत की रोमांचकारी जीत ने सभी को रोमांचित कर दिया। जीत की खुशी में मुरादाबाद मंडल में प्रसंशकों ने जमकर आतिशबाजी की। उधर, भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी ने साथी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अविस्मरणीय यात्रा है। टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की रोमांचकारी जीत से मुरादाबादी खुशी से झूम उठे। भारत को मिली जीत पर क्रिकेटर मोहम्मद शमी भी उत्साहित नजर आए। उन्होंने साथी खिलाड़ियों को बधाई दी है। शहर में दिल्ली रोड, बुद्धि विहार, सिविल लाइंस और कटघर में क्रिकेट प्रेमी सड़कों पर उतर आए। आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।शनिवार सुबह से ही जगह जगह भारत और अफ्रीका के बीच होने वाले टी-20 वर्ल्ड फाइनल मैच को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं। गांव, मोहल्ले और कॉलोनियों से लेकर सरकारी दफ्तरों में ही मैच की चर्चा थी। रात आठ बजे जैसे ही मैच तो टीवी से लेकर मोबाइल तक पर एक-एक पल देखने में जुट गए थे। शुरुआत में भारत के दो गिरे तो क्रिकेट प्रेमी निराश नजर आए लेकिन विराट कोहली की शानदार पारी, अक्षर पटेल और दुबे के उपयोगी रनों से भारत सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में कामयाब हुआ। जिससे पीतल नगरी क्रिकेट प्रेमी खुश नजर आने लगे।शुरुआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी आउट किए। उतार चढ़ाव वाले इस मैच में पल-पल परिस्थितियां बदलती रहीं। अक्षर पटेल के ओवर में क्लासेन का रुख अपने कर लिया था। ओवर में हार्दिक क्लासेन को कर दिया।इससे ने शानदार जीत पर ही तैयारी कर और मंडी चौक साउथ अफ्रीका जीत पर तेज हम विश्व के में साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज पवेलियन भेज दिए थे। बीच में मिलर और क्लासेन ने रन बनाए। जिससे कुछ समय के लिए मैच साउथ अफ्रीका के पक्ष में चला गया था लेकिन अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और मैच साउथ अफ्रीका के जबड़े से निकाल लिया। - पीयूष चावला, पूर्व क्रिकेटर, अंतिम ओवरों में हार्दिक, बुमराह, अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी की। इनके सामने साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी रन बनाने को तरस गए। 17 साल बाद भारत फिर टी-20 विश्व कप विजेता बन गया है। - मोहसिन खान, क्रिकेटर17 साल बाद भारत फिर चैंपियन बन गया है। हर एक खिलाड़ी ने जीत में अपनी भूमिका दिखाई है। इस शानदार जीत के लिए सभी देश वासियों को बधाईयां। - विजय गुप्ता, पूर्व रणजी खिलाड़ी, सीमा रेखा पर सूर्य कुमार यादव ने छह रन के लिए जा रही गेंद को शानदार तरीके से कैच किया और छह रन भी बचा लिए। इस कैच ने पूरा मैच ही पलट दिया था। यहां से भारत के पक्ष में मैच पूरी तरह से आ गया था। - बदरुद्दीन, क्रिकेट कोच

संक्षिप्त समाचार

बिलारी में हाईवे पर सड़क हादसा, स्कूटी सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत, दस लोग जख्मी..पहुंचाए अस्पताल

मुरादाबाद- बिलारी में हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। हादसे में दस लोग जख्मी हो गए। सभी को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिलारी थानाक्षेत्र के हाथीपुर गांव में हाईवे पर रविवार तड़के मारुति वैन और स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार सिक्योरिटी गार्ड दीप सिंह (27) निवासी ग्राम सहसपुर की जान चली गई। इसके अलावा वैन चालक अर्जुन समेत दस यात्री घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बिलारी पहुंचाया। यहां से वैन चालक के अलावा घायल दंपती नन्हू और विद्यावती निवासी रुदायन जिला बदायूं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सीओ राजेश तिवारी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों को हाल जाना। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दीप सिंह की शादी चार साल पहले हुए थी। युवक की करंट लगने से मौत- छजलैट में दुकान की सफाई करते समय सरिया हाई-वोल्टेज लाइन से टकरा गई। इससे करंट लगने से युवक की मौत हो गई। गांव सराय खजूर का रहने वाला शादाब (25) शनिवार की दोपहर दुकान की साफ सफाई कर रहा था। दुकान में कुछ लोहे की सरिया भी रखी थी, जिसे वह छत पर रखने के लिए ले जा रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज लाइन से सरिया टकरा गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए मुरादाबाद भी ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने यहां उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार वाले शव को घर ले आए। बताया गया है कि शादाब अविवाहित था। वह अगवानपुर के एक निजी चिकित्सक का कंपाउंडर था। चिकित्सक ने ही उसके गांव में डॉक्टरी की दुकान खोलने के लिए दुकान किराये पर ली थी, जिसकी शादाब साफ सफाई कर रहा था। ई रिक्शा में कार ने मारी टक्कर, तीन घायल-अगवानपुर में कांठ रोड के शेरुआ धर्मपुर में शनिवार को तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इस हादसे में रिक्शा सवार तीन लोग घायल हो गए। शेरुआ धर्मपुर निवासी नेहाल, बालकुमार व संगीत शनिवार को दीवान शुगर मिल की तरफ से गांव में आ रहे थे। इस दौरान गांव में ही छजलैट की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहीं कार से पीछे से ई रिक्शा में टक्कर मार दी। तीनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

ग्रीन आर्चिड सोसायटी में लिफ्ट में फंसे लोग, बेसमेंट में भरा सीवर का पानी, लोगों ने काटा हंगामा

मुरादाबाद- नया मुरादाबाद की ग्रीन आर्चिड सोसायटी के लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सोसायटी में लगातार लिफ्ट खराब हो रही है। इसमें लोग फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नया मुरादाबाद की ग्रीन आर्चिड सोसायटी में लिफ्ट में कई लोगों के फंस गए। जिन्हें जैसे-तैसे लिफ्ट से बाहर निकाला गया। वहीं बारिश के कारण निकास अभाव में सोसाइटी के बेसमेंट में सीवर का गंदा पानी भर गया। इसे लेकर सोसायटी के लोगों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही कुछ लोगों ने एमडीए के अधिकारियों से की है।इस पर वीसी शैलेष कुमार ने एक टीम को मौके पर भेज कर इसकी जांच कराई है। एमडीए सचिव अंजूलता ने सोसाइटी संचालक को नोटिस जारी कर पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त एक सप्ताह में प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सोसायटी के लोगों ने बताया कि ग्रीन आर्चिड सोसाइटी के बिल्डर ने उन्हें 2019 में फ्लैट का अलॉटमेंट दिया था, लेकिन पांच साल बाद भी बिल्डर द्वारा एग्रीमेंट में लिखित रूप से दी गई मूलभूत सुविधाएं अभी तक पूरी नहीं की गई हैं। मैनेजमेंट लगातार सोसायटी वासियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ के बाद भी मेंटीनेंस के नाम पर शुल्क प्रतिमाह वसूल रहा है। आरोप है लिफ्ट में आए दिन बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं, फंस जाते हैं। शुक्रवार रात कई लोग लिफ्ट में फंस गए। जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। सोसायटी के लोगों का आरोप है कि सीवर का गंदा पानी भी सोसाइटी के बेसमेंट में जमा हो गया है। इसके विरोध में सोसाइटी के लोगों ने हंगामा किया। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष भाजपा नेता अभिषेक चौबे, सनेश सिंह, विपुल सैक्सेना, हरविंद्र सिंह, सुनील अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, गिरधर गुप्ता, हमेंत शर्मा, अनिल शर्मा, सोभन गर्ग आदि मौजूद रहे।फ्लैट में रह रहे लोगों की शिकायत पर वीसी के निर्देश पर एमडीए की टीम शनिवार मौके पर पहुंच शिकायतों की जांच की। एमडीए के एक्सीएन अमित कादियान और उनकी टीम ने मौके पर सोसायटी के लोगों के सामने ही बिल्डर को बुला लिया और समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। ऐसा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। वीसी शैलेष कुमार ने बताया कि शिकायत पर जांच कराई गई है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

3 नए कानून के बारिकीयों से अवगत हुए सूरजपुर पुलिस के अधिकारीगण

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सहायक प्राध्यापक (विधि) डॉ. प्रिया राव ने वर्चुअल माध्यम से दिया प्रशिक्षण। डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने भी दी नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी। 1 जुलाई 2024 से तीन नए कानून प्रभावशील हो जायेगा, कानून की बारीकियों से अवगत कराने ताकि उसके क्रियान्वयन में दिक्कत न आए इसके लिए रविवार, 30 जून 2024 को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक (विधि) डॉ. प्रिया राव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिले की पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. राव ने सरल शब्दों में तीन नए कानूनों, एफआईआर दर्ज करने के बाद से लेकर चालान प्रस्तुत करने तक के प्रक्रिया एवं विवेचना के दौरान व्यवहारिक रूप से दिक्कतों का निराकरण कैसे की जानी है, डिजिटल/इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के संकलन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय सहिंता 2023 में कुल 358 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 511 हैं। जिसमे 21 नई धाराओं को जोड़ा गया है, 41 धाराओं में सजा को बढ़ाया गया है। 82 धाराओं में फाईन को बढ़ाया गया है। 25 धाराओं में न्यूनतम सजा का प्रावधान, 06 धाराओं में सामुदायिक अपराधों को जोड़ा गया है एवं 19 धाराओं को हटाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023 में 531 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 484 है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में कुल 170 धाराएं हैं, वर्तमान कानून में 166 धाराएं हैं। जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) सहित पुलिस राजपत्रित अधिकारी, जिले थाना-चौकी प्रभारी एवं विवेचकगण इस वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक समाप्त होने के उपरान्त डीआईजी/एसएसपी श्री एम.आर.आहिरे ने तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारीगण इस कानून के बारें में कानूनी किताब एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी से अवगत होकर जानकारी प्राप्त कर ले ताकि कानून लागू होने पर स्पष्ट तरीके से क्रियान्वयन हो सके और इसमें किसी प्रकार की दिक्कत न जाए। आम जन को इन कानूनों की जानकारी हो इसके लिए विभिन्न माध्यमों से कानूनों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। एक जुलाई 2024 को जिला मुख्यालय व हर थाने में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें नये कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारीगण व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

पुलिस विभाग में लंबे अवधि तक सेवायें देने के बाद एसआई जगसाय, राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्त, एएसआई शोभित राम हुए सेवा निवृत्त

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने सेवानिवृत्त हुए तीनों अधिकारियों को किया सम्मानित। पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई जगसाय ने 39 वर्ष 4 माह, एसआई राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने 36 वर्ष 10 माह एवं एएसआई शोभित राम ने 42 वर्ष 6 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 जून 2024 को सेवा निवृत्त हुये।

रविवार को जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने इन तीनों अधिकारियों को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति का आदेश सौंपा। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई व एएसआई का पूरा परिवार मौजूद रहा। इस दौरान डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ने कहा कि तीनों पुलिस अधिकारी लंबी अवधि तक विभाग में सेवायें दी, कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्यों का निर्वहन किया, इनका रिकार्ड बहुत अच्छा है इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य लोगों की भलाई और सेवा के साथ ही अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सजा दिलाना होता है जिसे तीनों ने बखूबी निभाया। प्रकृत्ति का नियम है आप दूसरों के लिए अच्छा करेंगे तो आपके साथ अच्छा होगा। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीनों अधिकारियों को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सेवा निवृत्त हो रहे तीनों अधिकारियों के द्वारा सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारीगण व जिला पुलिस कार्यालय व रक्षित केन्द्र के अधिकारीगण मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

संक्षिप्त समाचार

बरेली -पीलीभीत हाईवे किनारे लगे हरे-भरे पेड़ को काटा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। थाना इज्जतनगर के गांव कलापुर में नयी कालौनी कैलाश नगर के सामने लगे अर्जुन के हरे-भरे पेड़ को लगभग दो माह पहले काटा जा रहा था। तुरन्त इसकी सूचना किसी ने वन विभाग को दे दी। सूचना पर पहुंची वन दरोगा योगिता ने मौके पर देखा अदकटा पेड़ खड़ा था ?एक ठेला भी मौके पर मिला था।जिसे वन विभाग ने कब्जे में ले लिया।उस समय किसी पर कोई लिखित कार्यवाही नहीं हुई थी। हालांकि पेड़ काटने वालों का एक वीडियो भी वायरल हुआ था।बीती रात्रि उसी पेड़ को फिर से काटकर ले गये।

नहीं रहे व्यवसायी मुरलीधर गुप्ता ,दौड़ी शोक की लहर

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा- थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के मोहल्ला काहरान निवासी किराना व्यवसायी मुरलीधर गुप्ता 76 का रविवार सुबह चार बजे अचानक साथ ही प्राण पत्नी उर्मिला गुप्ता की कोशिश की बहुत देर हो चुकी ज़ोर विलाप करने आसपास के लोग तुरन्त उनके बहू -

आई खांसी के पखेरू हो गये। ने उन्हें सहारा देने लेकिन तब तक थी।वह ज़ोर - लगीं। इतने में जमा हो गए। बेटे पहुंच गये। जैसे ही उनके निधन की खबर नगर में हुई। जिसने सुना वह उनके अंतिम दर्शनों को पहुंचा।दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार नगर के ही शमशान घाट में कर दिया गया।मुख्यगनि उनके बड़े बेटे महेश कुमार उर्फ पप्पू गुप्ता ने दी।श्री गुप्ता अपने पीछे पत्नी चार बेटे दो बेटियों का भरा-पुरा परिवार छोड़ गए हैं। मृत्यु के समय उनका मंझला बेटा मुकेश गुप्ता अमरनाथ यात्रा पर गए हुए थे।वह अपने पिता के अंतिम दर्शन भी नहीं कर सके। चेयरमैन शकुन्तला देवी प्रतिनिधि अमित गुप्ता, धनपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, अंजलि गुप्ता, सभासद मनोज कश्यप, जिला व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुधीश पाण्डेय,योगी सेना के जिला मंत्री हिमांशू पटेल, हिन्दू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, राजीव साहू,शिक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता, हाजी मोहम्मद शाकिर अंसारी, इरशाद अंसारी, मोहम्मद शाकिर उर्फ़ लाल आदि ने गहरा शोक जताया है।

तीन नए कानून के बारे में मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एण्ड जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित की गई वर्चुअल बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- 1 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होगी जिसके प्रभावी ढंग क्रियान्वयन के लिए मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एण्ड जस्टिस डिपाटमेंट ऑफ लीगल अफेयर्स के द्वारा मुम्बई महाराष्ट्र से हाईब्रिड मोड वर्चुअल माध्यम से कानून के बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान ई-कोर्ट, ई-फारेंसिंग प्लेटफार्म, ई-एफआईआर व जीरो एफआईआर सहित कानून में हुए बदलाव के बारे में पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारीगण व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा (IDCF) का आयोजन 01 जुलाई से 31 अगस्त तक

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शासन के निर्देशानुसार बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2024 का आयोजन 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। 0-5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसके शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2024 के आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य स्थानों पर किया जाएगा।

हाजी इकबाल का वीडियो आया सामने, VC के जरिए हुआ था पेश; जेल में बंद बेटों को बताया निर्दोष

